राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0/886/2022 दिनांकः— 28 जुलाई, 2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्य/प्रबन्धक
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः वर्ष—2022 की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

NEP—2020 से आच्छादित मुख्य परीक्षा 2021—22 स्नातक द्वितीय सेमेस्टर एवं अन्य समस्त सेमेस्टर/प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं आंतरिक एवं बाह्य परीक्षकों को आमंत्रित कर सम्पन्न करायी जानी है। आंतरिक एवं बाह्य परीक्षकों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। समस्त महाविद्यालय दिनांकः 28 जुलाई, 2022 से 05 अगस्त, 2022 तक समस्त प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पन्न करा ले तथा उसके अंक महाविद्यालय लॉगिन के माध्यम से वेबसाइट पर अपलोड किये जायेगें। उपरोक्त के अतिरिक्त निम्न निर्देशों का पालन भी महाविद्यालय द्वारा सुनिश्चित किया जाना है।

1. परीक्षा समिति की बैठक दिनांकः 28 जुलाई, 2022 में लिये गये निर्णयानुसार प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा अंकपर्ण की दो प्रति तैयार की जायेंगी तथा उसकी हार्ड कॉपी महाविद्यालय में ही सुरक्षित रखी जायेगी। अंक केवल आनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से उसी दिन स्वीकार होगें। उसके उपरोक्त अंक स्वीकार नही किये जायेंगे। अंक अपलोड के बाद प्रयोगात्मक परीक्षा/मौखिकी का ग्रुप फोटो भी अपलोड करना होगा, तभी अंक स्वीकार होगें। विश्वविद्यालय को आवश्यकता पढ़ने पर सम्बन्धित अंकपर्ण की मूलप्रति उपलब्ध करानी होगी।
2. सभी प्रकार की प्रयोगिक परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाएं सुरक्षित रखी जायें तथा विश्वविद्यालय द्वारा मांगे जाने पर उपलब्ध करायी जाये।
3. परीक्षकों को पूर्व की भाँति नियमानुसार पारिश्रमिक देय होगा।
4. प्रयोगात्मक परीक्षा में 80% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को उत्तर पुस्तिकाओं के सील्ड पैकेट पृथक से विश्वविद्यालय द्वारा मांगे जा सकते है।
5. समस्त महाविद्यालय ध्यान रखेगें की एक परीक्षक द्वारा आन्तरिक एवं बाह्य परीक्षक के रूप में अधिकतम 08 महाविद्यालयों में ही सत्र 2021—22 में प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करायी गयी है। इनमें से दो अनुदानित/राजकीय महाविद्यालय में प्रयोगात्मक परीक्षा लिया जाना आवश्यक है।
6. प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि निर्धारित होने पर तिथि एवं परीक्षकों (आन्तरिक एवं बाह्य) के नामों की सूचना विश्वविद्यालय के E mail- registrar.rmpu@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।
7. 100—100 विद्यार्थियों के ग्रुप में परीक्षा ली जायेगी।

भवदीय

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र, अलीगढ़।
3. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु तथा सम्बन्धित महाविद्यालयों को कालेज लॉगिन पर प्रेषित किये जाने हेतु।
4. गार्ड फाइल।

कुलसचिव